Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding opening of Taj Mahal till 11 PM for tourism development and construction of Barrage on Yamuna River in Agra.

प्रो. एस. पी. सिंह बघेल (आगरा): सभापति महोदया, धन्यवाद, आपने मुझे शून्य काल में मेरे लोक सभा क्षेत्र आगरा के कुछ विषय उठाने का मौका दिया। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में पर्यटन के दृष्टिकोण से भारत 65 से 35 वें नंबर पर आ गया है। हम 5 वें नम्बर पर आ सकते हैं, अगर जो बातें मैं कह रहा हूं, वे बातें मान ली जाएं। अगर उचित कृत्रिम प्रकाश की व्यवस्था में, सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के मापदण्डों को देखते हुए, अगर ताजमहल को रात में 11 बजे तक खोलने की अनुमति दे दी जाए तो पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

इसी प्रकार से अगर आगरा में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बन जाए तो वहां लोग दो दृष्टियों से आएंगे, एक तो मैच देख लेंगे और दूसरा ताजमहल भी देख लेंगे। इससे विदेशी दर्शकों की संख्या बढ़ सकती है। इसी प्रकार से यमुना नदी पर बैराज, बनना बहुत जरूरी है, क्योंकि गिरता हुआ भू जल स्तर बहुत संकट पैदा कर रहा है। आगरा उत्तर प्रदेश का अकेला ऐसा वाहिद जिला है, जिसके 99 परसेंट ब्लॉक प्रॉब्लमैटिक हो गए हैं, जिनको हम डार्क ब्लॉक कहते हैं। अगर बैराज बन जाएगा तो किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिल जाएगा, पेयजल संकट दूर हो जाएगा और गिरता हुआ भू जल स्तर ऊपर हो जाएगा। इसी के साथ-साथ ताजमहल की बुनियाद लकड़ी पर है। विशेषज्ञ कहते हैं कि उसको नमी की जरूरत है तो उसके लिए पानी हो जाएगा। वहां वाटर स्पोर्ट्स भी हो सकते हैं। हर शहर, जिसमें नदी है, वहां रिवर फ्रंट ने ही पर्यटन को बढ़ाया है। जैसे, साबरमती अहमदाबाद में है, टेम्स, लंदन में है या गोमती, लखनऊ में है। मेरी एक मांग यह है। दूसरा, सैनिक स्कूल के लिए कहा गया है। …(व्यवधान)

माननीय सभापति : बघेल जी, एक ही विषय रखिए, बाकी अगली बार रखिएगा। अब आप बैठिए।

...(व्यवधान)

माननीय सभापति : जीरो ऑवर में दो विषय नहीं आते हैं ।

...(व्यवधान)

माननीय सभापति : आप बैठ जाइए । आपने बैराज का आग्रह कर दिया है, बाकी का रिकॉर्ड में नहीं जाएगा ।

...(व्यवधान)